हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 11 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

9 जेएलएन नहर से जलघर तक पाइपलाइन का काम दो ...



10 बकाया मुआवजे को लेकर डीसी कार्यालय ...



## शहर में आज

- नगर निगम में आयुक्त की अधिकारियों के साथ बैठक
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- माता दरवाजा पर शीलता माता मंदिर में मेला
- अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति की बैठक 11 बजे

## खबर संक्षेप

### सांपला : अधेड़ व्यक्ति ने फंदा लगाकर दी जान

**सांपला।** कस्बे के वार्ड नंबर 5 में अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने फंदा लगा कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक भेज दिया। परिवार के लोगों ने बताया कि 43 वर्षीय अमित पिछले काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। मंगलवार को उन्होंने कमरे में फंदा लगा ली। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजी रोहतक भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**सांपला।** कस्बे में दुकानदार पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया। वार्ड 8 निवासी यशपाल ने पुलिस में शिकायत दी है कि उसकी मस्जिद के पास में जूतों की दुकान है। तीन बाइकों पर कई युवक लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और यशपाल पर हमला कर घायल कर दिया और चेतावनी दी दुकान जल्द से जल्द खाली कर दी जाए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराएगा। मंगलवार को पुलिस ने साहिल और रोबिन नाम के युवक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य साथी फरार हैं।

### जमीन विवाद को लेकर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** गांव सुडाना में जमीन विवाद को लेकर प्रदीप और उसके परिवार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांव सुडाना निवासी प्रदीप की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जमीन को लेकर प्रदीप के परिवार और दिलावर के परिवार के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। प्रदीप के पिता ननिहाल गांव सुडाना में ही रहते हैं। करीब छह किले जमीन प्रदीप के हिस्से में आती है। इसी जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। पुलिस ने आरोपी सज्जन पुत्र सुमेर निवासी गांव सुडाना को गिरफ्तार कर लिया। गया। जल्द ही अन्य को काबू कर लिया जाएगा।

### इजराइल-अमेरिका और ईरान युद्ध के कारण बढ़ता जा रहा गैस का संकट

# जमाखोर सक्रिय, कमर्शियल सिलेंडर की कालाबाजारी शुरू

**1846 रुपये वाला कमर्शियल सिलेंडर अब 2500 से 3000 में मिल रहा**

**ऑनलाइन बुक नहीं हो रही घरेलू गैस अब 25 दिन बाद ही मिलेगा सिलेंडर**

**एजेंसी में कमर्शियल सिलेंडर नहीं, होटल-ढाबे उद्योग धंधे प्रभावित होने से आजीविका पर संकट**

**गैस की सप्लाई बढ़ाने से ही मिलेगा समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों कमर्शियल गैस की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। हालत यह है कि उपभोक्ताओं को ऑनलाइन माध्यम से भी गैस सिलेंडर बुक कराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग ऐप और वेबसाइट पर प्रयास करने के बावजूद बुकिंग नहीं हो पा रही है या फिर काफी लंबी वेटिंग दिखाई जा रही है। वहीं एजेंसी संचालकों का कहना है कि अचानक से कस्टमर भी बढ़ गए हैं। जो लोग कभी सिलेंडर नहीं लेते थे वह अब गैस लेने आने लगे हैं। एजेंसी से 25 दिन बाद गैस दे रहे हैं। जबकि कमर्शियल गैस मिलने में अभी परेशानी है। कुछ दिन से ऑनलाइन बुकिंग करवाने में तकनीकि कारणों से दिक्कत आ रही है। इन हालात में जमाखोर भी सक्रिय हो गए हैं और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कालाबाजारी होने लगी है और आगे और दिक्कत बढ़ने की संभावना है।



### सप्लाई कम मिल रही

घरेलू गैस उपभोक्ताओं को भी राहत नहीं मिल पा रही है। पहले जहां गैस सिलेंडर की बुकिंग 15 दिनों के अंतराल में हो जाती थी, वहीं अब यह अवधि बढ़कर 25 दिन के आसपास पहुंच गई है। ऐसे में जिन परिवारों में गैस की खपत अधिक है, उन्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस खत्म होने के बाद उन्हें पड़ोसियों या रिश्तेदारों से अस्थायी रूप से सिलेंडर लेकर काम चलाना पड़ रहा है। घरेले उपभोक्ता भी सिलेंडर पर दो सौ रुपये अतिरिक्त लेकर लोगों को बेच रहे हैं। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि गैस कंपनियों की ओर से सप्लाई कम मिलने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। जैसे ही कंपनियों की ओर से पर्याप्त सप्लाई मिलेगी, स्थिति में सुधार आ जाएगा।

### बंद हो सकते हैं होटल ढाबे

सूत्रों के अनुसार, शहर में 26 से ज्यादा गैस एजेंसी हैं, जहां कमर्शियल सिलेंडर नाम मात्र के ही हैं। गैस की कमी के कारण सबसे अधिक परेशानी भी कमर्शियल उपभोक्ताओं को हो रही है। दो सौ से अधिक होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और छोटे-बड़े उद्योग धंधे गैस की आपूर्ति बाधित होने से प्रभावित हो रहे हैं। कई होटल और ढाबा संचालकों का कहना है कि गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिलने के कारण उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही है, जिससे लागत बढ़ रही है और कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अधिकतर एजेंसियों पर गैस देने से इंकार किया जा रहा है।

### प्रतिष्ठानों का संचालन मुश्किल

स्थानीय व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने आशंका जताई है कि कमर्शियल गैस की कमी के चलते कालाबाजारी की संभावना भी बढ़ सकती है। जो कमर्शियल सिलेंडर उन्हें 1846 में मिल रहा था वही उन्हें कमर्शिलय गैस के लिए ढाई से तीन हजार प्रति सिलेंडर खर्च करने पड़ रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही स्थिति सामान्य नहीं हुई तो कई प्रतिष्ठानों का संचालन प्रभावित हो सकता है। वहीं कई ढाबा संचालकों ने बताया कि रोजाना बड़ी संख्या में ग्राहकों को खाना उपलब्ध कराने के लिए गैस की निरंतर आपूर्ति जरूरी होती है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से गैस की उपलब्धता बेहद कम हो गई है।

### डिमांड डबल होने से दिक्कत

एजेंसी संचालकों ने बताया कि डिमांड डबल हो गई है। जो लोग साल में कभी कभी गैस लेते थे, वह अब ज्यादा गैस ले रहे हैं। कुछ लोग गैस का दुरुपयोग भी कर रहे हैं लेकिन सप्लाई आधी हो गई है। इसलिए गैस मिलने में लोगों को परेशानी आ सकती है। अगर किसी की गैस ऑनलाइन भी बुक नहीं हो रही तो वह 25 दिन बाद एजेंसी पर गैस लेने आ सकते हैं। जबकि कमर्शियल गैस किसी के पास नहीं बची है। उनका कहना है कि सरकार को ऐसे माहौल में गैस की सप्लाई बढ़वानी चाहिए। लोग पैनिक हो गए है। बिना जरूरत के भी लोग सिलेंडर भरवा रहे हैं।

## बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



28 सितम्बर 2023 को हुई थी वारदात

एएसजे शैलेंद्र सिंह की अदालत ने 13 साल की बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। मामले के अनुसार, शहर के एक गांव की रहने वाली बच्ची के साथ रवि ने 28 सितम्बर 2023 को दुष्कर्म किया था। उस समय बच्ची के माता पिता बाहर गए थे। जब वह वापस आए तो बेटी ने परिवार को मामले की जानकारी दी। परिवार ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल करवा कर काउंसलिंग करवाई। इसके बाद केस दर्ज करते हुए आरोपी रवि को गिरफ्तार कर लिया गया था। सोमवार को ही अदालत ने दोनों पक्षों के गवाहों और सबूतों को देखते हुए रवि को दोषी करार दिया था, जिसे मंगलवार को 20 साल कैद की सजा सुनाई गई है। दोषी पर 75 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है, जिसकी अदायगी न किए जाने पर उसे डेढ साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

## 501.16 ग्राम अफीम के साथ नशा तस्कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



पुलिस ने गश्त और नाकाबंदी के दौरान एक कार सवार तस्कर को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 501.16 ग्राम अफीम बरामद की है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को सूचना मिली कि गांव भैसवाल (सोनीपत) का एक युवक नशीले पदार्थों की तस्करी करता है और वह एक कार में रोहतक से गोहाना की ओर जाने वाला है। पुलिस टीम ने काहनी-जसिया चौक के पास संदिग्ध कार को रोककर जांच की गई। पूछताछ के दौरान युवक की पहचान अभिमन्यु उर्फ टिंकू पुत्र अमरजीत निवासी गांव भैसवाल, जिला सोनीपत के रूप में हुई।

### शिव कुमार हत्याकांड में कोर्ट का फैसला

## हिंद केसरी पहलवान सुरेश सहित तीन आरोपी बरी

- महिला सहित तीन ने दी थी गवाही, नहीं मानी गई
- अक्टूबर 2020 में हुआ था शिव कुमार हत्याकांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनी यादव की अदालत ने चार साल पहले हुए शिव कुमार हत्याकांड को लेकर सुनवाई की। अदालत ने इस मामले में आरोपी पहलवान हिंद केसरी सुरेश सहित संजीव कादयान व सोमवीर को आरोपमुक्त किया है। इस मामले में कोर्ट में बबली, सूरजमल और संजय यादव ने गवाही दी थी लेकिन कोर्ट में उनकी गवाही मान्य नहीं हुई। इस आधार पर सबूत न मिलने पर फैसला सुनाया गया है। आरोपित पक्ष की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने पैरवी की। मामले के अनुसार, थाना शिवाजी कॉलोनी को दी शिकायत में सूरजमल निवासी गांव रिटौली ने बताया कि वह तीन भाई हैं जिसमे सबसे बड़ा मोतीलाल व उससे छोटा सूरजमल व सबसे छोटा शिवकुमार (करीब 25 साल) था। शिव कुमार सुरेश पहलवान हिन्द केसरी हिन्द केसरी के अखाड़े में अभ्यास करता था। वह सुरेश पहलवान के साथ जमीन जायदाद का काम भी करता था। शिवकुमार का सुरेश पहलवान के साथ 20 लाख रुपये नकद और जमीन का लेनदेन था। सुरेश उसके भाई को धमकी देता था वह उसे जान से मार देगा। उसके भाई शिव कुमार ने उसे बताया था कि सुरेश पहलवान पैसे का हिसाब करने के लिए भी मना कर रहा है। इसलिए सुरेश व उसके लड़के सोमवीर व संजीव की दबंगई से परेशान होकर शिव कुमार अलग कमरा लेकर रहता था। इस समय शिवकुमार न्यू अग्रसेन कॉलोनी में रहता था। करीब एक साल पहले शिवकुमार का सोमवीर के साथ झगड़ा हुआ था। इसी कारण शिवकुमार अखाडा को छोड़ कर कमरे पर रहने लगा था। एफआईआर के मुताबिक, 21 अक्टूबर 2020 को 1 बजकर 30 मिनट पर शिकायतकर्ता पत्नी कीर्ति व भाभी बबली देवी के साथ शिव से मिलने गए तो रास्ते में ही शिवकुमार का फोन आया कि सुरेश व उसके दोनों लड़के सोमवीर व संजीव उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। वह मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग गए।

### एक करोड़ के चेक बाउंस का मामला

## रोहतक बार के पूर्व प्रधान फोगाट के खिलाफ वारंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एक करोड़ रुपये के चेक बाउंस मामले में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की अदालत ने जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान लोकेंद्र सिंह फोगाट उर्फ जोजो के खिलाफ जमानती वारंट जारी किए हैं। अदालत ने यह आदेश शिकायतकर्ता की ओर से दायर परिवाद पर सुनवाई के दौरान पारित किया है। मामले में शिकायतकर्ता जगमोहन मित्तल ने अदालत में परिवाद दायर कर आरोप लगाया था कि लोकेंद्र सिंह फोगाट द्वारा दिया गया एक करोड़ रुपये का चेक बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत नोटिस भेजे गए, लेकिन आरोपी की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

### आरोपी अदालत में पेश नहीं हुआ


अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी को विधिवत नोटिस भेजे गए थे और उसे निर्धारित तिथि पर न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आरोपी अदालत में पेश नहीं हुआ। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी न्यायिक प्रक्रिया से बचने का प्रयास कर रहा है, इसलिए उसके खिलाफ जमानती वारंट जारी करना आवश्यक है। अदालत ने वारंट जारी करते हुए इसकी प्रभावी तामील सुनिश्चित करने के लिए डीएसपी स्तर के अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि आरोपी को अदालत में पेश किया जा सके। अदालत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वारंट की तामील कर अगली सुनवाई पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### विक्रम की हत्या के मामले में महिला गिरफ्तार

**रोहतक।** गांव बनियानी में होली के दिन हुए झगड़े में युवक विक्रम की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में शामिल एक महिला को पुलिस ने काबू कर अदालत में पेश किया, जहां से मामले की आगे जांच की जा रही है। इससे पहले इस वारदात में शामिल छह अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। कलानौर थाना प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह ने बताया कि इस मामले में गांव बनियानी निवासी साहिल की शिकायत पर 5 मार्च को केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने वारदात में शामिल नगीना पत्नी ओमप्रकाश निवासी गांव बनियानी को 9 मार्च को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला को अदालत में पेश किया गया है और मामले की जांच जारी है।

### लाढ़ौत बाइपास पर हादसा, ड्राइवर-हेल्पर सुरक्षित

## सरसों के तेल का कैंटर पलटा सड़क पर बिखरीं सैकड़ों पेटियां



रोहतक। सड़क पर गिरी तेल की पेटियां। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मकड़ौली से लाढौत रोड बाइपास पर सरसों के तेल से भरा एक कैंटर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में वाहन चालक और उसके साथ मौजूद हेल्पर की जान बच गई, लेकिन कैंटर में भरी तेल की कई पेटियां सड़क पर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही जिला खाद्य एवं पूर्ति विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि सरकारी राशन डिपो पर सरसों के तेल की आपूर्ति के लिए हैफेड गोदाम से एक कैंटर रवाना हुआ था। कैंटर में 500 से अधिक पेटियां लोड की गई थीं, जिन्हें अलग-अलग राशन डिपो पर पहुंचाया जाना था। जब वाहन लाढौत बाइपास के पास पहुंचा तो अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण वह सड़क किनारे पलट गया।

### राशन डिपो पर वितरण के लिए भेजी जा रही थीं

घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर जिला खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और सड़क पर गिरी तेल की पेटियों को तुरंत दूसरे वाहन में रखवाने की व्यवस्था की, ताकि सरकारी राशन की सप्लाई प्रभावित न हो। विभाग के अधिकारियों के अनुसार कैंटर में लोड सरसों के तेल की पेटियां सरकारी राशन डिपो पर वितरण के लिए भेजी जा रही थीं। हादसे के बाद बची हुई पेटियों को सुरक्षित दूसरे कैंटर में शिफ्ट कर दिया गया है।

### रिकॉर्ड में त्रुटियों से नागरिक परेशान, सामने आ रही सर्वे कंपनी की लापरवाही

# निगम ने 26.32 करोड़ का प्रॉपर्टी टैक्स वसूला, कुल 31.12 करोड़ हुआ कर संग्रह, अभी भी 3500 से अधिक डिफाल्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में 28 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया था। लक्ष्य के मुकाबले निगम अब तक 26 करोड़ 32 लाख रुपये की वसूली कर चुका है। इसके अलावा फायर टैक्स और गारबेज टैक्स को मिलाकर नगर निगम के खाते में कुल 31 करोड़ 12 लाख रुपये जमा हो चुके हैं। निगम अधिकारियों के अनुसार लक्ष्य के करीब पहुंचने के बावजूद अभी भी हजारों प्रॉपर्टी मालिक टैक्स जमा नहीं करवा पाए हैं। नगर निगम के रिकॉर्ड के मुताबिक शहर में करीब 3500 से अधिक प्रॉपर्टी मालिक ऐसे हैं जिन पर करोड़ों रुपये का टैक्स बकाया है। इनमें मुख्य रूप से बैंक्वेट हॉल संचालक, दुकानदार और बड़े कॉम्प्लेक्स मालिक शामिल हैं। निगम द्वारा समय-समय पर नोटिस जारी किए जा रहे हैं ताकि इन डिफाल्टरों से बकाया राशि की वसूली की जा सके। कई डिफाल्टरों ने बकाया टैक्स की आधी राशि जमा करवा दी है, जबकि कुछ लोगों ने पूरा टैक्स अदा कर अपनी प्रॉपर्टी की सीलिंग भी हटवा ली है। निगम की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जिन प्रॉपर्टी मालिकों ने पूरा टैक्स जमा करा दिया है, उनके खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाएगी और उनकी सील की गई संपत्तियों को भी खोल दिया गया है।

### संपत्तियां की जा रहीं सील

टेक्स वसूली के लिए लोगों की संपत्तियों को भी सील किया जाता है। ऐसे में ज्यादातर लोग मौके पर भी अपना टेक्स जमा करवा देते है। जिससे उनको राहत मिल जाती है। निगम अब तक 26 करोड़ 32 लाख रुपये की वसूली कर चुका है। इसके अलावा फायर टैक्स और गारबेज टैक्स को मिलाकर नगर निगम के खाते में कुल 31 करोड़ 12 लाख रुपये जमा हो चुके हैं।

**-मंजीत कुमार, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम**

### आईडी में कई त्रुटियां

हालांकि शहर के कई प्रॉपर्टी मालिकों का कहना है कि वे टैक्स जमा करवाना चाहते हैं, लेकिन सर्वे करने वाली कंपनी की लापरवाही के कारण प्रॉपर्टी रिकॉर्ड में कई तरह की त्रुटियां रह गई हैं। कई प्रॉपर्टी आईडी में मोबाइल नंबर गलत दर्ज हो गए हैं, जबकि कुछ में मालिक का नाम और क्षेत्र तक गलत लिख दिया गया है।

### डिफाल्टर भी टैक्स जमा करवाएं तो आय बढ़ेगी

यदि सभी डिफाल्टर समय पर अपना बकाया टैक्स जमा करवा दें तो नगर निगम की आय में काफी वृद्धि हो सकती है, जिससे शहर में विकास कार्यों को और गति दी जा सकेगी। इसके लिए निगम लगातार जागरूकता अभियान और नोटिस जारी करने की प्रक्रिया भी चला रहा है।

### गलतियां करें ठीक

नागरिकों का कहना है कि पहले इन रिकॉर्ड की त्रुटियों को ठीक किया जाना चाहिए ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपना टैक्स जमा करवा सकें। कई लोगों ने निगम कार्यालय में जाकर अपनी शिकायत भी दर्ज करवाई है और रिकॉर्ड दुरुस्त करने की मांग की है।

### कैंप भी लगाए, फिर भी नहीं माने लोग

निगम की तरफ से टैक्स भरने के लिए अलग से कैंप भी लगाए जा चुके है। लेकिन कुछ लोग ऐसे है जिनके रिकार्ड में किसी तरह की त्रुटी नहीं है, उसके बावजूद भी वह टैक्स जमा नहीं करवा पाते है। जबकि जागरूकता अभियान भी चलाए जा चुके है। जल्द ही सरकार से नोटिफिकेशन आने के बाद टैक्स में छूट भी प्रदान की जा सकती है।

## आंध्र की महिला ने युवक पर लगाया शादी का झांसा देकर शोषण और ठगी का आरोप

- महिला का आरोप 2023 में युवक आंध्र प्रदेश आया था, वहां समुद्र किनारे हाथ में जल लेकर स्वीकार किया था पत्नी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आंध्र प्रदेश से आई एक महिला ने तिलक नगर निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण और लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि आरोपी से उसकी पहचान एक मेट्रिमोनियल वेबसाइट के माध्यम से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और युवक ने खुद को आर्य समाज से जुड़ा बताते हुए उससे शादी करने की बात कही। वर्ष 2022 में दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई थी। करीब छह-सात महीने तक फोन पर बातचीत होती रही, जिसके बाद युवक ने उसका विश्वास जीत लिया। महिला का आरोप है कि वर्ष 2023 में युवक आंध्र पहुंचा समुद्र किनारे हाथ में जल लेकर उसे पत्नी के रूप में स्वीकार करने की बात कही। जब महिला ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से विवाह का रजिस्ट्रेशन कराने की बात कही तो युवक ने इसे आवश्यक नहीं बताया।

### घर बनाने के नाम पर 40 लाख लेने का आरोप

महिला का कहना है कि आरोपी लगभग चार महीने तक आंध्र प्रदेश में उसके साथ पति की तरह रहा। इस दौरान उसने घर बनाने का झांसा देकर उससे करीब 40 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद वह अचानक रोहतक लौट आया और अपना मोबाइल नंबर भी बंद कर लिया। काफी समय तक संपर्क नहीं होने पर महिला आरोपी की तलाश में रोहतक पहुंची और पुलिस में शिकायत दी। महिला का दावा है कि शिकायत के बाद पुलिस थाने में दोनों के बीच समझौता कराया गया था। हालांकि बाद में आरोपी उसे अपने घर ले जाने की बजाय अलग-अलग होटलों में लेकर जाता रहा, जहां उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया।

### केस विशाखापट्टनम पुलिस को भेजा

महिला की शिकायत पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला विशाखापट्टनम पुलिस को भेज दिया है। अब आगे की जांच वहीं की पुलिस द्वारा की जाएगी। **-अंकिता थाना प्रभारी सिविल लाइन**

### भाई एएसआई पद पर

महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी का भाई गुरुग्राम पुलिस में एएसआई के पद पर तैनात है, जिसके कारण स्थानीय पुलिस कार्रवाई करने से बच रही है।

# विधानसभा में सहकारिता मंत्री ने भगवान परशुराम स्मृति स्थल बनाने की मांग उठाई

- डॉ. अरविंद शर्मा बोले, दोहलीदार, बूंटीदार में वंचित रह गए लोगों को करेंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने विधानसभा में मांग की है कि प्रदेश में भव्य भगवान परशुराम स्मृति स्थल बनाने और दोहलीदार निर्णय में वंचित रह गए लोगों को शामिल किया जाए।

उन्होंने कहा कि केवल भाषणबाजी और घोषणाओं से नहीं बल्कि काम के दम पर ही भाजपा सरकार तीसरी बार सत्ता में आई है। इस बारे में जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि हरियाणा के अंदर सिख मुज्यिम, गुरु जी संत रविदास के नाम पर भवन व मुज्यिम, मर्हिषी वाल्मीकि आश्रम व छात्रावास, दीन बंधू चौधरी छोटूराम संग्रहालय, गुरु गोबिंद के नाम पर युमनानगर में मुज्यिम के स्थापना की जा रही है। और इसी तर्ज लोगों की मांग है कि भगवान परशुराम भव्य स्मृति स्थल स्थापना की जाए।


रोहतक। सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा।

### सरकार ने 60 संकल्प पूरे किए

मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चुनाव के दौरान किए गए 217 संकल्पों में से अब तक 60 संकल्प पूरे कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि केवल भाषणबाजी और घोषणाओं से नहीं बल्कि काम के दम पर ही भाजपा सरकार तीसरी बार सत्ता में आई है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में महिला, युवा, बुजुर्ग समेत समाज के हर वर्ग का सरकार पर विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा क्षेत्रफल की दृष्टि से भले ही छोटा प्रदेश है, लेकिन देश की जीडीपी में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश के किसानों ने विकास में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का जवान और खिलाड़ी देश का नाम दुनिया भर में रोशन कर रहा है। देश की सेना में हर दसवां जवान हरियाणा से है, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। डॉ. शर्मा ने बताया कि 25 अक्टूबर 2024 को लिए गए दोहलीदार और बूंटीदार से जुड़े फैसलों में छूटे हुए लोगों को भी शामिल किया जाए।

# बिजली संशोधन बिल के विरोध में कर्मियों का सब यूनिट स्तर पर शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बिजली संशोधन बिल 2025 के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने रोहतक सिटी की विभिन्न सब यूनिटों में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज एंड इंजीनियर्स और इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर 10 मार्च को देशभर में कार्यबहिष्कार और विरोध प्रदर्शन किया गया। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन ने सात मार्च को हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक में इस बिल के खिलाफ आंदोलन करने का फैसला लिया था। सर्कल सेक्रेटरी विकास दहिया ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सभी सब डिवीजनों में कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। सिटी यूनिट के प्रधान संदीप जांगड़ा ने कहा कि यदि सरकार ने इस बिल को वापस नहीं लिया तो कर्मचारियों द्वारा बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में धर्मराज कुंडू, पुष्पेंद्र बल्हारा, भूपेंद्र हुड्डा, रविंदर दुहन सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।


रोहतक। अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करते ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप


रोहतक। बेटी बचाओ संकल्प महायज्ञ में आहुति डालते आर्य समाजी।

### वैश्विक सौहार्द के लिए वैदिक विचारधारा जरूरी

रोहतक। स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ, टिटोली में आयोजित "बेटी बचाओ संकल्प महायज्ञ" के अंतर्गत एक भव्य वैदिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश से आए विद्वानों ने समाज को वैदिक जीवन मूल्यों का संदेश दिया। कार्यक्रम में जर्मनी से आए प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. रामप्रहलाद शर्मा व स्टैफी एस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि मुख्य प्रवचन हरिद्वार से आए स्वामी अखिलेश योगी तथा सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश ने दिए। डॉ. रामप्रहलाद शर्मा ने कहा कि आज विश्व अनेक संघर्षों और असंतुलनों से जूझ रहा है। ऐसे में स्थायी शांति और सौहार्द स्थापित करने के लिए वैदिक विचारधारा के सिद्धांतों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वेद मानवता को एकता, समता और सहयोग का संदेश देते हैं। स्टैफी एस ने कहा कि भारत सदियों से दुनिया को आध्यात्मिक प्रेरणा देता आया है और वैदिक संस्कृति के जीवन मूल्य पूरी मानवता के लिए लाभदायक हैं।


रोहतक। अपनी मांगों के लिए तहसीलदार को ज्ञापन देते हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# लंबित मांगों को लेकर ग्रामीण चौकीदारों की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मौजूदा विधानसभा क्षेत्र में पेश बजट में ग्रामीण चौकीदारों के मानदेय में बढ़ोतरी न करने, मृत्यु इंद्राज का भुगतान ना करने के खिलाफ और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 31 दिसंबर के निर्णय अनुसार सभी ग्रामीण चौकीदार को नियमित करने की मांग को लेकर हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा(सीटू) के बैनर तले रोहतक जिले के ग्रामीण चौकीदार ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन से पहले आज स्थानीय मानसरोवर पार्क में हुई ग्रामीण चौकीदार सभा की रोष सभा का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के जिला प्रधान संजय चुलियाना ने की। मीटिंग में बोलते हुए सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष सतबीर सिंह, ग्रामीण चौकीदार सभा के प्रांतीय कोषाध्यक्ष भगत सिंह,सीटू जिला सचिव कामरेड विनोद ने कहा कि मौजूदा विधानसभा सत्र में पेश किए गए बजट में ग्रामीण चौकीदारों समेत सभी मजदूरों के साथ सरकार ने धोखाधड़ी की है। कहा कि पिछले 1 वर्ष से पंचायत विभाग द्वारा सरकार को ग्रामीण चौकीदारों के मानदेय में 2031 रुपये की बढ़ोतरी करने का की सिफारिश कर रखी है। परंतु सरकार ने उसे सिफारिश को अनदेखा कर पेश किए गए बजट में ग्रामीण चौकीदारों के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई।

### ये रहे मौजूद

आज की विरोध कार्रवाई में धर्मवीर किलोई , गुलाब धामड, महा सिंह, जियालाल जयपाल, दयाकिशन, आनंद, राजकुमार, श्रीकृष्ण, रमेश, शशिकांत, राजेश, मुकेश, सुरेश प्रमुख तौर पर शामिल रहे।

# महम नपा का बजट सर्वसम्मति से पास

# 18.34 करोड़ से होंगे विकास कार्य

## नपा ने वित्त वर्ष में 18.47 करोड़ रुपये की आमदनी का लक्ष्य रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पास किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका प्रधान भारती पंवार ने की। बजट सर्वसम्मति से पास किया गया। नगर पालिका ने वित्त वर्ष 2026-27 में 18.47 करोड़ रुपए की आय का लक्ष्य रखा है। जबकि वित्त वर्ष में 18.34 करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च करने का अनुमानित लक्ष्य रखा गया। बजट में शहर के विकास कार्य, कूड़ा प्रबन्धन, गलियों की मरम्मत, पार्कों का रख-रखाव, सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर रखने के लिए बड़ी राशि रखी गई। नगरपालिका प्रधान भारती पंवार ने कहा कि महम के विकास के लिए जो बजट पास किया गया है उसको आमजन की सुविधा पर खर्च किया जाएगा।



महम। नगर पालिका सभागार में नगर पालिका अधिकारियों और पार्षदों को संबोधित करते हुए बीके सुमन। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

नगर पालिका सचिव नवीन नान्दल सचिव ने कहा कि सरकार की हिदायत के अनुसार यह बजट खर्च किया जाएगा। नगर पालिका के उपप्रधान बसन्त लाल गिरधर ने कहा की नगरपालिका महम की आय को बढ़ाने के लिए इस बार बजट 2026-27 में प्रावधान किया गया है। इस इनकम को शहर के विकास पर खर्च किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नगरपालिका वार्ड अनुसार विशेष सफाई अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ रखा जाएगा। इसमें सभी नागरिकों से अपील है कि सफाई अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लें तथा महम शहर को स्वच्छ रखने के लिए अपना सहयोग करें। नगर पालिका की बैठक में नगर पालिका प्रधान भारती पंवार, उप प्रधान बसन्त लाल गिरधर, नगर पालिका सचिव नवीन नान्दल, विनोद कुमार लेखाकार, पालिका अभियंता अशोक कुमार हुड्डा, पार्षद विकास श्योरान, विनोद गोयल, ईश्वर सिंह, मोनिका, अनिल चावरिया, कोशल्या, चंचल चाबा, बरंजग लाल, मनोनित पार्षद ऋषि भारद्वाज व मीना वाल्मीकि समेत नगर पालिका के कई कर्मचारी मौजूद थे।

### शरीर का लेखा-जोखा रखना भी जरूरीः बीके सुमन

नगर पालिका बजट बैठक के बाद स्थानीय ब्रह्माकुमारीज सेंटर महम की सह संचालिका बीके सुमन ने नगर पालिका अधिकारियों, कर्मचारियों और शहर के पार्षदों को संबोधित किया। बीके सुमन ने कहा कि जिस तरह से हम अपने ऑफिस में वित्त वर्ष का लेखा जोखा रखते हैं। उसी प्रकार हमें अपने शरीर और मन का भी लेखा जोखा रखना चाहिए। दिनभर हम दूसरों के लिए काम करते हैं। लेकिन खुद का ख्याल नहीं रखते। कुछ समय हमें अपने लिए भी निकालने की जरूरत है। रात को सोने से पहले और सुबह के समय 10 मिनट मेडिटेशन करने की जरूरत है। हमें गुस्सा नहीं करना है। शांत रहना है। सबसे प्रेमपूर्वक व्यवहार करना है। अपने स्वभाव को ऐसा बनाना है कि आपसे जो भी व्यक्ति एक बार मिले तो उसका फिर से आपसे मिलने का मन करे। आजकल माता पिता अपने बच्चों को समय नहीं दे पा रहे। आप अपने परिवार को और बच्चों को भी समय दें। बच्चों के साथ समय बिताएंगे तो उनको अच्छे संस्कार मिलेंगे। संस्कार अच्छे होंगे तो उनका संसार अच्छा होगा।

# मरीजों के साथ हमेशा रखें सहानुभूतिः कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- एथिक्स सहित बायोएथिक्स विषय पर तीसरे यूएचएस कोर्स का आयोजन

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के सुश्रुत सभागार में पीजी छात्रों के लिए एथिक्स सहित बायोएथिक्स विषय पर तीसरे यूएचएस कोर्स का आयोजन किया गया। कोर्स का शुभारंभ कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ.एसके सिंघल व डीन डॉ अशोक चौहान ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों को संबोधित करते कुलपति डॉ.एच के अग्रवाल ने कहा कि हमारे अंदर मरीजों के दुख को समझना चाहिए और उनके प्रति हमेशा सहानुभूति रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी मरीजों के लिए जिम्मेदारी बनती है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हमें पहले एक अच्छा इंसान बनना चाहिए और चिकित्सक बाद में। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि एक चिकित्सक को हमेशा अच्छी वेशभूषा में नजर आना चाहिए और हमेशा ड्यूटी पर गले में स्टेथोस्कोप को रखना चाहिए यह हमारा कवच है। उन्होंने कहा कि आपको गर्व होना चाहिए कि आप एक बहुत ही प्रतिष्ठित संस्थान में आए हैं, जहां प्रतिदिन करीब 8 हजार लोग ओपीडी में दिखाने आते हैं।


रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ.एसके सिंघल व डीन डॉ अशोक चौहान व अन्य विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। खेड़ी साध गांव में मेगा हेल्थ कैंप के दौरान डॉक्टरों की टीम। फोटो : हरिभूमि

### 40 की उम्र के बाद हर साल करवाएं स्वास्थ्य की जांच : डॉ वरुण अरोड़ा

रोहतक। पीजीआई के कम्युनिटी मेडिसन विभाग ने प्रोफेसर डॉ वरुण अरोड़ा और डॉ हिमानी की देखरेख में खेड़ी साध गांव में एक मेगा हैल्थ कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में लगभग 140 मरीजों का इलाज किया गया, जिसका शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ नीलम कुमार ने रिब्बन काट कर किया । डॉ वरुण अरोड़ा ने बताया कि कैंप में सभी मरीजों के वजन की जांच कर उन्हें को मुफ्त दवाई, चश्मा आदि वितरित किए गए। कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते समय-समय पर 40 वर्ष की उम्र के बाद, अपने स्वास्थ्य के मध्य नजर वर्ष में एक बार अवश्य जांच करवानी चाहिए। इस कैंप में डॉ विदिप्ता, डॉ विदांत, डॉ पलक, डॉ निशा दलाल, डॉ आंचल, डॉ सोनाली आदि की टीम ने सभी का मौके पर ही इलाज किया और उन्हें और सभी प्रकार की दवाईयां मुफ्त वितरित की गई। डॉ जागृति, डॉक्टर शुभांशी, डॉक्टर प्राची आदि की टीम ने ग्रामीणों के दांतों का मौके पर ही इलाज किया। कम्युनिटी मेडिसन विभाग के अध्यक्ष डॉ नीलम कुमार ने बताया कि मेगा हैल्थ कैंप का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाना है। इस कैंप के माध्यम से पांच गांव - खेड़ी साध, मकड़ोली खुर्द, मकरौली कला, भैयापुर, लाढोत, भैयापुर गांव में स्वास्थ्य जांच और इलाज प्रदान किया गया।

# युवा नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने ड्रग्स और नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों की दी जानकारी

पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने सांपला स्थित सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के निर्देशों के अनुसार जिला रोहतक पुलिस की नशा मुक्ति टीम लगातार जिले में विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है। इसी अभियान के तहत कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहायक उपनिरीक्षक मोहन और उपनिरीक्षक अमर कटारिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छात्राओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को खराब करता है, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव डालता है और समाज में कई तरह की बुराइयों को जन्म देता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशे की लत के कारण कई परिवारों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाना चाहिए।


रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि


रोहतक। आयोजित शिविर में रक्तदाता को सम्मानित करते मुख्य अतिथि समाज सेवी राजेश जैन। फोटो : हरिभूमि

### वुमन हेल्थ एंड ऑक्यूपेशनल वेलनेस ट्रेनिंग 13 को

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज (एएससी) द्वारा 13 मार्च को वुमन हेल्थ एंड ऑक्यूपेशनल वेलनेस विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कार्यस्थल पर सकारात्मक व सहयोगी माहौल को बढ़ावा देना है। प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज के समन्वयक डॉ. राजीव शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम शुक्रवार को दोपहर 3 बजे फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर (एफडीसी) के सेमिनार हॉल में होगा। इसमें विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वाति सिंह मुख्य वक्ता के रूप में महिलाओं के स्वास्थ्य, आवश्यक जांच, हार्मोनल संतुलन और पोषण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी देंगी। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की सभी महिला गैर-शिक्षक कर्मचारी (नियमित व एचकेआरएन) भाग लेंगी।

### स्वर्गीय बिमल प्रसाद के जन्मदिवस पर 92 यूनिट रक्त एकत्रित किया

रोहतक। मंगलवार को मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट एवं बीपी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर सांघी की तरफ से नए बस स्टैंड पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं का भारी उत्साह दिखाई दिया। इस रक्तदान शिविर में 92 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस रक्तदान शिविर में शहर के उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर के आयोजनकर्ता तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस रक्तदान शिविर के आयोजन शहर के समाजसेवी राजेश जैन के स्वर्गीय पिता बिमल प्रसाद जैन के जन्मदिवस के अवसर पर किया गया था। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय बिमल प्रसाद ने अपना सारा जीवन समाज के प्रति समर्पित कर दिया था। ऐसे में हर साल उनके जन्मदिवस के अवसर समाज सेवा से जुड़े कार्य किए जाते हैं। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि राजेश जैन के पहुंचने पर तस्वीर हुड्डा ने उनका स्वागत किया। साथ ही शिविर में पहुंचने पर उनका आभार जताया। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं को सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। तस्वीर हुड्डा ने बताया कि स्वर्गीय बिमल प्रसाद के नाम से सांघी गांव में पिछले 2 साल से फिजियोथैरेपी सेंटर का भी संचालन किया जा रहा है। जिसके अंदर हर सप्ताह निशुल्क जांच कैंप आयोजित किया जाता है। साथ ही समय समय पर आंखों का निशुल्क कैंप भी लगाया जाता है। जहां से अब तक हजारों लोग ठीक होकर जा चुके हैं।

### शिविर में 54 लोगों ने किया रक्तदान

रोहतक। हरिओम सेवा दल द्वारा आयोजित एलपीएस के संस्थापक सेठ बिमल प्रसाद जैन के 95 जन्म दिवस पर एलपीएस बोसार्ड के सहयोग से रक्तदान शिविर मेडिकल के डाक्टरों की टीम द्वारा दिल्ली रोड पर स्थित जाट कॉलेज के गेट पर लगाया गया। शिविर में 60 लोगों ने रजिट्रेशन करवाया व 54 लोगों ने अपना रक्तदान किया। शिविर में महिलाओं व जाट कॉलेज के छात्र व छात्राओं ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया व रक्तदान भी किया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि एलपीएस बौसार्ड के एमडी राजेश जैन, जाट एजुकेशन सोसाईटी के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, संस्था के प्रधान आदिश जैन, डा. अनिल शर्मा, विजय खुराना, अश्विनी पाहवा, ने भगवान गणेश के सक्षम द्वीप प्रजवलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।



रोहतक। आयोजित शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बौसार्ड के एमडी राजेश जैन, जाट एजुकेशन सोसाईटी के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, संस्था के प्रधान आदिश जैन, डा. अनिल शर्मा व विजय खुराना।

**सख्ती** शहर में सफाई व्यवस्था मजबूत करने को निगम का विशेष अभियान

# नियमित जांच कर गंदगी फैलाने वालों के चालान करें अधिकारी : डॉ. आनंद

रात को गंदगी फैलाने वालों के किए जा रहे चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निगम द्वारा सभी वार्डों में लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत निगम के अधिकारी, सफाई निरीक्षक व संबंधित कर्मचारी नियमित रूप से वार्डों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं और आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य सड़कों, बाजारों, कॉलोनियों, पार्कों, सार्वजनिक स्थलों तथा नालियों की सफाई की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयुक्त ने बताया कि जहां भी सफाई व्यवस्था में कमी पाई जाती है, वहां संबंधित कर्मचारियों और एजेंसियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए जाते हैं। इसके साथ ही वार्ड स्तर पर विशेष सफाई अभियान चलाकर कूड़ा उठान, नालियों की सफाई और कचरा संग्रहण स्थलों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जा रही है।


रोहतक। मार्केट व रिहायशी क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी। फोटो : हरिभूमि

### चार लोगों पर ठोका जुर्माना

निगम की टीमें लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी कर रही हैं और गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित कर रही हैं। वहीं रात के समय भी निरीक्षण कर गंदगी फैलाने वालों के चालान किए जा रहे हैं। बीती रात चार लोगों के चालान किए गए। संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने सेक्टर-1, 2 और 3 में मार्केट व रिहायशी क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## 26 करोड़ की योजना फाइलों में अटकी, जगह-जगह सड़कों पर बह रहा पीने का पानी

# जेएलएन नहर से जलघर तक पाइपलाइन का काम दो माह बाद भी नहीं हुआ शुरू



रोहतक। इस तरह से बिना पाइपलाइन के ओवरफ्लों होकर चलता है रजवाहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 26 करोड़ रुपये से जेएलएन नहर से जलघर तक नई पाइपलाइन बिछाने की योजना बनाई गई थी, प्रशासन द्वारा दो माह पहले दावा किया गया था लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। स्थिति यह है कि पाइपलाइन न होने और पुराने सिस्टम में खराबी के कारण कई स्थानों पर पीने का पानी सड़कों पर बहकर बर्बाद हो रहा है। 1931 में सोनीपत स्टैंड पर शहर में पानी सप्लाई के लिए जलघर बनाया गया था। इसकी 213 मिलियन लीटर पानी स्टोर की क्षमता है। जलघर से तीन किलोमीटर दूर सोनीपत रोड स्थित जेएलएन नहर व भालौठ सब ब्रांच से पानी आता है। जेएलएन नहर से जलघर तक पाइपलाइन बिछाने के लिए लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत से योजना तैयार की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य शहर में पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाना और पानी की बर्बादी को रोकना है। लेकिन फिलहाल यह योजना अभी तक कागजों तक ही सीमित नजर आ रही है। इस परियोजना से संबंधित फाइल मुख्यालय के टेक्निकल सेक्शन में विचाराधीन है। तकनीकी स्वीकृति और अन्य औपचारिकताओं के कारण काम शुरू होने में देरी हो रही है। जैसे ही फाइल को अंतिम मंजूरी मिल जाएगी, पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस पाइपलाइन का कुछ हिस्सा पहले भी दबाया जा चुका है, लेकिन कार्य अधूरा रह जाने के कारण अब पूरी लाइन को दोबारा से व्यवस्थित तरीके से बिछाया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि नई पाइपलाइन बिछने के बाद पानी की सप्लाई में सुधार होगा और रिसाव की समस्या भी काफी हद तक खत्म हो जाएगी।

### काम शुरू हो तो पानी की बर्बादी रोकी जा सकती है

यदि इस परियोजना को समय पर पूरा कर लिया जाए तो शहर में पानी की बर्बादी को काफी हद तक रोका जा सकता है। साथ ही जलघर तक पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंचने से कई क्षेत्रों में पेयजल की कमी की समस्या भी दूर हो सकती है।

### सभी कार्य पूर्ण करके मुख्यालय भेजी फाइल

हमने सभी कार्य पूर्ण कर मुख्यालय में फाइल भेज दी है। जल्द ही अप्रूवल मिलने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

-शिवराज सिंह, अधीक्षण अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

### सोनीपत सड़क पर रजवाहा ओवरफ्लो होने से परेशानी

**जगह-जगह कीचड़ से दो चार हो रहे राहगीर**

■

**प्रशासन से समस्या के जल्द समाधान की मांग**

सोनीपत जाने वाली सड़क किनारे बने रजवाहे से पानी लीकेज होने के कारण सड़कों पर बहता दिखाई देता है। इससे न केवल पानी की बर्बादी हो रही है बल्कि कई जगहों पर कीचड़ से राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस समस्या का जल्द समाधान करना चाहिए। प्रशासन ने दो महीने पहले प्रेस नोट जारी कर पाइपलाइन बिछाने की बात कही थी, तो लोगों को उम्मीद जगी थी कि जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। लेकिन अब तक काम शुरू नहीं होने से लोगों में निराशा भी देखने को मिल रही है।

## ड्रेन नं. 8 में अनुपचारित पानी छोड़ने पर होगी कड़ी कार्रवाई

रोहतक। रोहतक मंडल के आयुक्त राजीव रतन ने यमुना नदी के प्रदूषण को कम करने तथा जल की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए चल रहे कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मंडल आयुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय में यमुना एक्शन प्लान को लेकर आयोजित मंडल स्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक के दौरान उन्होंने जिला-वार यमुना नदी के प्रदूषण को कम करने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यमुना एक्शन प्लान का मुख्य उद्देश्य नदी को प्रदूषण मुक्त करना, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करना, नालों को टैप करना तथा नदी के जल की गुणवत्ता में सुधार लाना है। मंडल आयुक्त ने कहा कि यमुना नदी में गिरने वाले सीवेज तथा औद्योगिक अपशिष्ट जल का समुचित उपचार सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं तथा नालों को टैप करने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही अनधिकृत कॉलोनियों से निकलने वाले अपशिष्ट जल को रोकने के लिए माइक्रो एसटीपी सिस्टम की सख्त निगरानी भी की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन नालों का पानी यमुना नदी में गिरता है, उनके प्रबंधन के लिए संबंधित जिलों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि बिना उपचारित गंदा पानी यमुना नदी में न जाए। मीटिंग में बताया गया कि यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, एचएसआईडीसी, एचएसवीपी तथा सीएमडी सहित विभिन्न विभागों द्वारा आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में रोहतक मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।




## खबर संक्षेप




### एचएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट

रोहतक। एचएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक 'स्पोर्ट्स मीट' का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की उप-प्राचार्या सोनिया रानी के नेतृत्व में हुआ, जबकि हेल्थ एवं वेलनेस कोच राकेश बधवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्पोर्ट्स मीट में नर्सरी से लेकर कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नर्सरी और के.जी. के बच्चों के लिए पिक एंड रन, बॉल पुट इंटू ग्लास, बॉल बॉक्स और फ्रॉग रेस जैसे मनोरंजक खेल रखे गए। वहीं कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए हर्डल रेस, लेमन रेस और सिंपल रेस आयोजित की गई। कक्षा 6 से 9 के विद्यार्थियों के लिए थ्री-लेग रेस और साधारण दौड़ करवाई गई। इसके अलावा सुबह 9:30 बजे से कबड्डी मैच भी खेले गए, जिनमें विद्यार्थियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राकेश बधवार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश बल्हारा, मुख्य अतिथि राकेश बधवार और उप-प्राचार्या सोनिया रानी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार और आगामी पीटीएम के दिन प्रमाण-पत्र देने की घोषणा की।



### सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

रोहतक। रोहतक में महान समाज सुधारक और नारी शिक्षा की अग्रदूत माता सावित्रीबाई फुले की 129वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सैनी एजुकेशन सोसाइटी द्वारा उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का आयोजन संस्था परिसर में किया गया, जिसमें समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सोसाइटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने देश में पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर महिला शिक्षा और सशक्तिकरण को नई दिशा दी। सैनी डिग्री कॉलेज और सैनी गर्ल्स बी.एड. कॉलेज के प्रधान धर्म सिंह दहिया ने कहा कि सावित्रीबाई फुले का त्याग और समर्पण भारतीय समाज के लिए अमूल्य धरोहर है। उन्होंने समाज में फैली अज्ञानता और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करते हुए महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। स्कूल मैनेजर ऋतुराज सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारतीय नारी शक्ति और आत्मसम्मान की प्रतीक थीं। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा और सम्मान दिलाने के लिए सामाजिक क्रांति की शुरुआत की। इस अवसर पर उपप्रधान बुधराम सैनी, सचिव जगदीश कुमार सैनी, एडवोकेट विपिन सैनी, जय भगवान सैनी, गौतम सैनी, अमित सैनी, ओम प्रकाश सैनी, नरेंद्र दिलेर सैनी, प्रवीण सैनी, कॉलेज प्राचार्य प्रो. भीम सिंह पवार और डॉ. रामकुमार सैनी सहित संस्था के पदाधिकारी और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### लावारिस मिले नवजात को कानूनी प्रक्रिया के बाद दंपति को सौंपा

रोहतक। सोनीपत शहर में अक्टूबर 2025 में लावारिस हालत में मिले एक नवजात बालक को सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद एक योग्य दंपती को दत्तक दे दिया गया। यह प्रक्रिया जिला प्रशासन की निगरानी में सारा और कारा के नियमों के तहत पूरी की गई। जानकारी के अनुसार नवजात बालक सोनीपत शहर क्षेत्र में लावारिस अवस्था में मिला था। इसकी सूचना सोनीपत बाल कल्याण समिति द्वारा रोहतक बाल कल्याण समिति के चेयरमैन सतीश कौशिक को दी गई। इसके बाद बच्चे की देखभाल, स्वास्थ्य जांच और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं चौधरी लखीराम आर्य दत्तक ग्रहण एजेंसी के माध्यम से पूरी की गईं। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद जिलाधीश की उपस्थिति में बच्चे को एक योग्य दंपति को सौंप दिया गया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, जिला प्रोग्राम अधिकारी दीपिका सैनी, अधिकारी पूनम, पायल और संदीप कुमार भी मौजूद रहे। दत्तक ग्रहण एजेंसी के मंत्री युवराज, राजरूप राठी, रविंद्र सिंह, सुभाष सांगवान और हवा सिंह राठी ने दत्तक लेने वाले दंपती को शुभकामनाएं दीं और बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया एलपीएस ग्रुप के संस्थापक स्व. सेठ बिमल प्रसाद जैन का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक।



एलपीएस ग्रुप के संस्थापक स्व. सेठ बिमल प्रसाद जैन का 95वां जन्मदिन दिल्ली रोड स्थित बी.पी. जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर परिसर में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्तियों और संत-महात्माओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

एलपीएस बौसार्ड के मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि समारोह में महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी, स्वामी विश्वेश्वरानंद, बाबा काली दास, स्वामी परमानंद, बाबा कर्णपुरी, बाबा सुखा शाह, स्वामी शंकरानंद तथा ब्रह्मकुमारी आश्रम से बहन रक्षा सहित कई संत-महात्माओं का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस दौरान एलपीएस बौसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन, उद्योगपति विजय जैन, राज शर्मा, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल और सुधीर जैन सहित परिवार के सदस्यों ने स्व. सेठ बिमल प्रसाद जैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।

## योग और मेडिटेशन के साथ हुई शिविर की शुरुआत



रोहतक। जाट कॉलेज में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने योग, औद्योगिक भ्रमण और खेल गतिविधियों के माध्यम से नई जानकारियां प्राप्त कीं। दिन की शुरुआत योग और मेडिटेशन के साथ हुई। योगाचार्या रोशनी हुड्डा और जगदीश राय खोखर ने स्वयंसेवकों को योगाभ्यास करवाते हुए योग की बारीकियों से अवगत कराया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों को साबर डेयरी द्वारा संचालित अमूल दुग्ध प्लांट के भ्रमण के लिए ले जाया गया। यहां स्वयंसेवकों ने वीडियो डॉ.क्यूमेंट्री के माध्यम से अमूल, श्वेत क्रांति और सहकारी आंदोलन के इतिहास के बारे में जाना। साथ ही प्लांट में मौजूद स्टाफ सदस्यों ने दुग्ध प्रोसेसिंग की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दूसरे सत्र में विद्यार्थियों को फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के भ्रमण के लिए ले जाया गया।

## नगर पालिका सांपला के ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावों व आपत्तियों की सुनवाई आज

रोहतक। महम चीनी मिल के प्रबंध निदेशक एवं नगरपालिका, सांपला के रिवाईजिंग प्राधिकारी मुकुंद तंवर ने बताया कि नगर पालिका सांपला के प्रस्तावित आम चुनाव-2026 के अंतर्गत प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची पर प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की सुनवाई निर्धारित तिथियों पर की जाएगी। इस संबंध में नगर पालिका सांपला के मतदाताओं को सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अवगत कराया गया है। जारी सूचना के अनुसार नगर पालिका सांपला के आगामी प्रस्तावित आम चुनाव–2026 के मध्यनजर गत 28 फरवरी को ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी। इस सूची के संबंध में वार्ड नंबर 2, 3 तथा 7 से 15 तक प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की सुनवाई कार्यालय नगर पालिका सांपला में की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इन दावों व आपत्तियों की सुनवाई 11 मार्च को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक की जाएगी। इसके अतिरिक्त शेष दावों व आपत्तियों की सुनवाई 12 मार्च को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई है।

## सुपवा के इंफ्रा की मजबूती पर रहेगा फोकस

रोहतक। दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर को नए वित्तीय वर्ष में और अधिक मजबूती देने पर फोकस रहेगा। यह निर्णय मंगलवार को आर्किटेक्चर डिपार्टमेंट के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित फाइनेंस कमिटी की बैठक में लिया गया। इसकी अध्यक्षता कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने की। बैठक के दौरान एसीएस फाइनेंस के प्रतिनिधि सुमेर सिंह यादव, महानिदेशक तकनीकी शिक्षा के प्रतिनिधि संजय चराया, चांसलर के प्रतिनिधि हैदराबाद से सीए हनमंदलू ऑनलाइन जुड़े। जबकि, फाइनेंस कमिटी की सदस्य सचिव के तौर पर रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. अजय कौशिक, चीफ अकाउंट्स ऑफिसर विकास गुलिया, अकाउंट ऑफिसर परविंद्र सिंह, सीए राकेश कुमार गर्ग भी बैठक के दौरान मौजूद रहे। बैठक में पिछले साल की ऑडिट रिपोर्ट रखी गई, जिसे सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान कर दी गई। इसके साथ ही डीएलसीसुपवा के फ्यूचर प्लान के बारे में चर्चा हुई। इन प्लान से सरकार को समय से अवगत कराने के निर्देश कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने दिए, ताकि उसी हिसाब से सरकार समय से यूनिवर्सिटी को बजट व अन्य संसाधन जारी कर सके। रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा ने फाइनेंस कमिटी की बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि यूनिवर्सिटी की नेटवर्किंग व अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के प्लान पर भी चर्चा हुई।



TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज

फौजी भाईयों का इलाज ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान। सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में। 5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़:- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत:- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

**वर्कशॉप**

### इंग्लैंड एनएचएस कंसलटेंट ने ऑर्थोग्नेथिक सर्जरी के मामलों के निदान, उपचार योजना और बहुविषयक प्रबंधन के लिए साझा की जानकारी

## डेंटोफेशियल डिफॉर्मिटी में नवीनतम तकनीक समय की जरूरत : कुलपति

■ इंग्लैंड एनएचएस के कंसलटेंट डॉ. व्योमेश भट्ट थे मुख्य वक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल का स्वागत करते इंग्लैंड एनएचएस के कंसलटेंट डॉ. व्योमेश भट्ट,अन्य डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी व अन्य डॉक्टर।

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (पीजीआईडीएस), रोहतक में ऑर्थोग्नेथिक सर्जरी: निदान और उपचार योजना पर एक गेस्ट लेक्चर और वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इंग्लैंड एनएचएस के कंसलटेंट डॉ. व्योमेश भट्ट थे, जिन्होंने ऑर्थोग्नेथिक सर्जरी के मामलों के निदान, उपचार योजना, और बहुविषयक प्रबंधन के लिए समकालीन दृष्टिकोणों पर मूल्यवान जानकारी साझा की।

डॉ. भट्ट ने अपने व्याख्यान में ऑर्थोग्नेथिक सर्जरी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिसमें डेंटोफेशियल डिफॉर्मिटी का निदान, उपचार योजना, और सर्जिकल तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने ऑर्थोडोंटिक और सर्जिकल उपचार के संयोजन के महत्व पर जोर दिया और बताया कि कैसे यह दृष्टिकोण रोगियों के लिए बेहतर परिणाम प्रदान कर सकता है।

वर्कशॉप में सर्जिकल मामलों की इंटरैक्टिव चर्चा शामिल थी, जिसमें डॉ. भट्ट ने पोस्टग्रेजुएट छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ मिलकर विभिन्न ऑर्थोग्नेथिक सर्जरी मामलों पर चर्चा की। इस चर्चा में ऑर्थोडोंटिक और सर्जिकल उपचार के विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया, जिसमें उपचार योजना, सर्जिकल तकनीकें, और पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल शामिल हैं।

व्याख्यान के पश्चात डॉ. भट्ट ने पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल से भी मुलाकात की। चर्चा के दौरान, उन्होंने शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करने की इच्छा व्यक्त की और उल्लेख किया कि वह ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के संकाय सदस्यों और पोस्टग्रेजुएट छात्रों के लिए यूके में अल्पकालिक ऑब्जर्वेशनशिप अवसरों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय को एक प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

### नवीनतम तकनीक से किया जाए मरीज का इलाज

डॉ. एच के अग्रवाल ने कहा कि वह चाहते हैं कि संस्थान में मरीज को नवीनतम तकनीक से इलाज उपलब्ध कराया जाए इसके लिए समय-समय पर चिकित्सकों को विभिन्न माध्यमों से प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाता है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि डेंटोफेशियल डिफॉर्मिटी मैं नवीनतम तकनीक समय की जरूरत है क्योंकि आजकल युवाओं मे डेंटोफेशियल डिफॉर्मिटी को लेकर काफी तनाव रहता है जिसके चलते यदि इसमें नई तकनीकी आती हैं तो उससे उन्हें जल्दी और बेहतर उपचार मिल सकेगा।

## मैसूर के लिए रवाना हुआ एमडीयू का एनएसएस दल

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों का दल राष्ट्रीय एकता शिविर–2026 में भाग लेने के लिए मैसूर (कर्नाटक) के लिए रवाना हो गया। यह दल शिविर में हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और सेवा भावना का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय एकता का संदेश देगा। एनएसएस, एमडीयू की कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने बताया कि राष्ट्रीय एकता शिविर 12 से 18 मार्च तक मैसूर स्थित जेएसएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित होगा। इसका आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय, नई दिल्ली तथा हरियाणा उच्च शिक्षा निदेशालय के सहयोग से किया जा रहा है। प्रो. सविता राठी ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता शिविर युवाओं के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने विश्वास जताया कि एमडीयू के स्वयंसेवक अपने अनुशासन और सेवा भावना से हरियाणा का नाम रोशन करेंगे। एमडीयू से छह शिक्षण संस्थानों के कुल 10 स्वयंसेवक (पांच छात्र व पांच छात्राएं) इस शिविर में भाग ले रहे हैं।

## मुआवजे के लिए महीनों से अधिकारियों के काट रहे हैं चक्कर

# बकाया मुआवजे को लेकर डीसी कार्यालय के बाहर गरजे किसान

पाकस्मां, सेमान, मोरखेड़ी, बलम, बनियानी, जिंदरान, समाचाना, चुलाना, कसरेंटी, मड़ौधी, मोखरा, गुढ़ाण, कटेसरा, मायना, रिठाल के किसानों ने सुनाई अपनी व्यथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

फसलों के बकाया मुआवजे की मांग को लेकर मंगलवार को रोहतक में किसानों ने प्रदर्शन किया। विभिन्न गांवों से पहुंचे किसानों ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार से जल्द मुआवजा जारी करने की मांग की। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदाओं और खराब मौसम के कारण उनकी फसलें खराब हुई थीं, लेकिन अब तक उन्हें घोषित मुआवजा नहीं मिला है।

किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष प्रीत सिंह के नेतृत्व में डीसी कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए पाकस्मां, सेमान,मोरखेड़ी, बलम, बनियानी, जिंदरान, समाचाना, चुलाना, कसरेंटी, मड़ौधी, मोखरा, गुढ़ाण, कटेसरा, मायना, रिठाल आदि गांवों के किसानों ने कहा कि पिछले सीजन में ओलावृष्टि, बारिश और अन्य प्राकृतिक कारणों से गेहूं, सरसों और अन्य फसलों को काफी नुकसान हुआ था।

सरकार और प्रशासन की ओर से सर्वे के बाद मुआवजा देने की घोषणा भी की गई थी, लेकिन कई किसानों के खातों में अब तक राशि नहीं पहुंची है। इससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।





### मुआवजा नहीं मिलने से किसान नाराज

जिला सचिव सुमित दलाल ने कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि नुकसान होने पर समय पर मुआवजा नहीं मिल रहा। कई महीने से हम मुआवजे का इंतजार कर रहे हैं। प्रशासन से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा। प्रदर्शन के बाद दौरान किसानों ने प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि जिन किसानों की फसल खराब हुई है, उन्हें जल्द से जल्द बकाया मुआवजा दिया जाए।

### हजारों किसान मुआवजे को तरसे

किसान सुमित दलाल के मुताबिक हरियाणा सरकार ने खरीफ 2025 की बर्बाद हुई धान, बाजरे और कपास की जलभराव से बर्बाद फसलों का किसानों को मुआवजा ना देकर 100 करोड़ रुपए का धोखा किया गया है। जिला में 1,40,000 एकड़ में फसल बर्बाद हुई थी जिसको सबसे ज्यादा मार महम, सांपला, और कलानौर तहसील में थी। लेकिन मुआवजा दिया मात्र लगभग 6500 एकड़ का ही। इन तहसीलों के हजारों किसान आज तक मुआवजे पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



याद बहुत आते हैं वो दिन...

# मेरी हर सुबह पिता के लठ की आवाज से शुरू होती थी

*आर्मी से सेवानिवृत्त राजकुमार मुदगिल आज परिवार की जिम्मेदारियां मेरे कंधों पर हैं। अब समझ आता है कि पिता होना क्या होता है। पहले जो लठ सख्त लग था, आज वही जीवन का सबसे बड़ा आशीर्वाद लगता है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि अगर मेरे पिता मुझे उस तरह नहीं तराशते, तो शायद मैं आज यहां तक नहीं पहुंच पाता।*

मैं भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सैनिक हूं और आज जो कुछ भी हूं, उसमें मेरे पिता का सबसे बड़ा योगदान है। मेरी नौकरी किसी सिफारिश या किस्मत के भरोसे नहीं लगी, बल्कि मेरे पिता की सख्त परवरिश, अनुशासन और संघर्ष की बदौलत लगी। बचपन में कई बार मुझे लगता था कि मेरे पिता बहुत कठोर हैं। मेरी हर सुबह उनके लठ की आवाज से शुरू होती थी। सूरज निकलने से पहले ही मुझे उठा दिया जाता, और अगर मैं आलस करता तो लठ की हल्की चोट याद दिला देती कि जिंदगी में कुछ बनना है तो आराम छोड़ना होगा। उस समय उनकी सख्ती मुझे बुरी लगती थी, लेकिन आज समझ आता है कि वही सख्ती मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी थी।


राजकुमार मुदगिल



### मेरे साथ पिता भी साथ दौड़ते थे

सुबह-सुबह दौड़ लगाने के लिए खेतों की पगडंडियों पर निकल जाना, ठंडी हवा में पसीना बहाना, और थककर चूर हो जाना यह सब मेरी दिनचर्या का हिस्सा था। मैं अकेला नहीं दौड़ता था, मेरे पिता भी मेरे साथ दौड़ते थे। कई बार वे पीछे से आवाज लगाते, "हिम्मत मत हारना, एक दिन यही दौड़ तुम्हें वर्दी तक ले जाएगी। उस समय मुझे केवल थकान दिखती थी, लेकिन आज उनकी दूरदर्शिता समझ आती है। उन्होंने सिर्फ मुझे नहीं दौड़ाया, बल्कि खुद भी मेरे साथ संघर्ष किया। जब सेना में भर्ती हुआ और पहली बार वर्दी पहनी, तो सबसे ज्यादा चमक मेरी आंखों में नहीं, बल्कि मेरे पिता की आंखों में थी। उस दिन महसूस हुआ कि उनकी हर डांट, हर सख्ती और हर लठ की चोट में एक सपना छिपा था अपने बेटे को सफल देखने का सपना।

### सेवा करना मेरा लक्ष्य



मेरा नाम भगत सिंह है। मैं पूर्व सैनिक हूं और वर्तमान में ग्राम पंचायत विभाजन से समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय हूं। सेना में रहते हुए देश सेवा का सौभाग्य मिला, और अब समाज के बीच रहकर लोगों की सेवा करना मेरा लक्ष्य है। हरियाणा की सान, दूध-दही और चरमा खाकर पला-बढ़ा हूं, उसी मिट्टी से जुड़ा रहना मेरी पहचान है। -भगत सिंह

### खुशियों भरा जीवन--



मेरा नाम अजमेर मलिक है। सेवा से रिटायर होने के बाद जिंदगी का असली आनंद अब महसूस हो रहा है। पहले जिम्मेदारियों और काम की भागदौड़ में समय कैसे निकल जाता था, पता ही नहीं चलता था। आज सुबह की चाय से लेकर शाम की सैर तक हर पल सुकून भरा है। सबसे बड़ी खुशी तब मिलती है जब पौते-पोतियों के साथ हंसी-मजाक और खेलकूद में समय बिताता हूं। -अजमेर मलिक

### सुकून भरी दूसरी पारी



मैं एक बिजनेसमैन हूं और वर्षों की मेहनत के बाद आज सुकून भरी जिंदगी जी रहा हूं। बच्चे अब बड़े हो गए हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ बिजनेस संभाल रहे हैं। उन्हें काम करते देख गर्व महसूस होता है। अब मैं जिम्मेदारियों से थोड़ा मुक्त होकर अपनी मर्जी से समय बिताता हूं। दोस्तों के साथ ताश खेलकर टाइम पास करता हूं। -रणबीर

## खबर संक्षेप

### रोहिंग्या के मुद्दे पर पंचायत अब 16 को

**महम।** बांग्लादेश से आकर भारत में रह रहे रोहिंग्या लोगों को वापस बांग्लादेश भेजने के मुद्दे पर 15 मार्च को चौबीसी चबूतरे पर प्रस्तावित पंचायत को लेकर तिथि में फेरबदल किया गया है। भाजपा नेता अजीत अहलावत ने बताया कि अब यह पंचायत 16 मार्च को सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी।

### कॉलेज में दीक्षांत समारोह होगा

**सांपला।** सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में 14 मार्च को 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा। प्राचार्य डॉ संतोष हुड्डा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमडीयू रोहतक से डॉक्टर विनीता हुड्डा रहेंगी। इस समारोह में महाविद्यालय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियां के आधार पर डिग्रियां प्रदान की जाएंगी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# डिजिटल लर्निंग सेंटर को सशक्त बनाने पर मंथन

- डीएलसी की वर्तमान कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए भविष्य की रणनीति पर विस्तार से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के डिजिटल लर्निंग सेंटर (डीएलसी) के उपनिदेशक एवं समन्वयकों की बैठक मंगलवार को सीडीओई कमेटी रूम में डीएलसी निदेशक प्रो. संदीप दलाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में डीएलसी की वर्तमान कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएलसी निदेशक प्रो संदीप दलाल ने बताया कि बैठक के दौरान डिजिटल लर्निंग सेंटर की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने तथा ई-लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सुझाव सामने आए। सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालय में डिजिटल माध्यम से शिक्षण सामग्री के विकास को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें। इस दिशा में निर्णय लिया गया कि जल्द ही विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें उन्हें डिजिटल मोड में कंटेंट डेवलपमेंट और ई-कंटेंट निर्माण के बारे में जागरूक किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना और डिजिटल शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाना है। बैठक में डिजिटल लर्निंग सेंटर की कार्यक्षमता बढ़ाने और डिजिटल पहलों को मजबूत करने के लिए उपनिदेशकों व समन्वयकों की भूमिका को और सक्रिय बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# नीट-जेईई की फ्री कोचिंग के लिए 1 अप्रैल से शुरू होगा सुपर-40

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

डीसी सचिन गुप्ता ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जिला प्रशासन 1 अप्रैल से सुपर-40 कार्यक्रम शुरू करेगा। यह कार्यक्रम राज्य सरकार की सुपर-100 पहल की तर्ज पर संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत चयनित कक्षा 11 के विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा नीट और जेईई परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। गुप्ता मंगलवार को कैंप कार्यालय में शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा कक्षा तृतीय तक के विद्यार्थियों में 100 प्रतिशत आधारभूत सीखने की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। जिला के 100 प्रतिशत प्राथमिक विद्यालयों में वर्तमान में जीरो-पीरियड रेमेडियल कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। गुप्ता ने कहा कि सीखने के स्तर और दक्षता का आंकलन करने के लिए कक्षा तृतीय के विद्यार्थियों की स्कूल-वार मूल्यांकन परीक्षाएं 16 से 25 मार्च के बीच आयोजित की जाएंगी। इनमें लिखित और मौखिक दोनों प्रकार के परीक्षण शामिल होंगे। इन परिणामों के आधार पर सीखने की कमियों की पहचान कर लक्षित हस्तक्षेप किए जाएंगे, ताकि 100 प्रतिशत ग्रेड दक्षता का लक्ष्य हासिल किया जा सके।



**रोहतक।** कैंप कार्यालय में शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा की प्रगति की समीक्षा बैठक लेते डीसी सचिन गुप्ता।

# शोध कार्यशाला में बौद्धिक संपदा पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के स्वराज सदन में संचालित सात दिवसीय शोध पद्धति कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने शोधार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यशाला के प्रथम सत्र में डॉ. राजीव कपूर ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रकार तथा एमडीयू की बौद्धिक संपदा अधिकार नीति विषय पर व्याख्यान देते हुए शोध कार्य में बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न प्रकार के बौद्धिक संपदा अधिकारों तथा विश्वविद्यालय की नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**दूसरा सत्र:** प्रो. एमएन हुड्डा ने उच्च प्रभाव वाली शोध पत्रिकाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शोध पत्र लेखन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावी उपयोग विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का जिम्मेदार और नैतिक उपयोग शोध की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने शोधार्थियों को उच्च प्रभाव वाली पत्रिकाओं में प्रकाशन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों और लेखन तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी। प्रो. हुड्डा ने कहा कि बदलते समय के साथ नई तकनीकों को अपनाना आवश्यक है, ताकि शोध कार्य अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बन सके।

### शैक्षणिक जानकारी दी

**तीसरा सत्र:** डॉ. अनिल कुमार सिवाच ने शैक्षणिक प्रकाशन विषय पर व्याख्यान देते हुए शोध पत्रों के प्रकाशन की प्रक्रिया, उपयुक्त पत्रिका के चयन तथा प्रकाशन से जुड़ी आवश्यक सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंतिम सत्र में प्रो. सुमित श्रीवास्तव ने विभिन्न क्षेत्रों के लिए क्वांटम आधारित न्यूरल नेटवर्क अधिगम विषय पर प्रस्तुति दी और आधुनिक तकनीक तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में इसके संभावित उपयोगों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, निदेशक, शिक्षक तथा शोधार्थी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी 14 मार्च तक जमा करवाएं आवश्यक फॉर्म

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के 1405 लाभार्थियों को योजना की प्रथम किस्त जारी की जा चुकी है। लाभार्थियों को योजना के तहत दूसरी व तीसरी किस्त जारी की जानी है, ताकि आवास निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा करवाया जा सके। इसके लिए आवश्यक है कि संबंधित लाभार्थी योजना से संबंधित निर्धारित फॉर्म भरकर अपने-अपने संबंधित खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों को प्रथम किस्त प्राप्त हो चुकी है, वे 14 मार्च तक प्राथमिकता के आधार पर अपना फॉर्म संबंधित खंड कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें, ताकि उनकी दूसरी व तीसरी किस्त जारी करने की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# बैंसी गांव की ज्योति ने जीता सर्वोत्तम माता का पुरस्कार


**महम।** विजेता माताओं को पुरस्कार प्रदान करते सुपरवाइजर।

**महम।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाखन माजरा इलाके के चिड़ी खंड में सर्वोत्तम माता प्रतियोगिता आयोजित की गई। खंड के विभिन्न सर्कलों में प्रथम आने वाली सर्वोत्तम माताओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान लिखित परीक्षा आयोजित की गई। स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर भावना और डॉक्टर मीना ने महिलाओं का साक्षात्कार लिया। इस प्रतियोगिता में बैंसी गांव की ज्योति पत्नी धर्मवीर प्रथम स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर घरौठी गांव की आरती पत्नी अक्षय रही। तीसरे स्थान पर चांदी गांव की ममता पत्नी सुमित रही। प्रथम विजेता को 4 हजार रुपए, द्वितीय विजेता को तीन हजार रुपए और तृतीय विजेता को 2 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

### एमडीयू के पूर्व कुलपति खाली करेंगे आवास

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक के पूर्व कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब उन्होंने अपना सरकारी आवास खाली करने की इच्छा जताई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनके निजी सामान को आधिकारिक निवास से उनके निजी आवास पर सुचारू रूप से शिफ्ट करने के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया है। सामान की शिफ्टिंग को बाधा रहित बनाने के लिए निम्नलिखित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई हैः डॉ. संजीव कुमारः इंचार्ज, फैकल्टी हाउस, कांता रानीः सहायक रजिस्ट्रार (सामान्य प्रशासन), रामेश्वर कुमारः अधीक्षक (सामान्य प्रशासन), जगदीश कुमारः केयर टेकर, परशुराम काफलेः क्लर्क।

# जिमखाना क्लब से चोरी का मामला सुलझा, दो आरोपी किए गिरफ्तार

- सेक्टर-4 एक्सटेंशन स्थित क्लब से एसी के पाट्र्स, बैटरियां और अन्य सामान हुआ था चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सेक्टर-4 एक्सटेंशन स्थित जिमखाना क्लब में हुई चोरी की वारदात को पुलिस ने सुलझाने का दावा किया है। इस मामले में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कमलजीत सिंह ने बताया कि इस मामले में रोहतक निवासी मयंक की शिकायत के आधार पर 7 मार्च को केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता मयंक सेक्टर-4 एक्सटेंशन स्थित एसएसवीपी जिमखाना क्लब में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। शिकायत में बताया गया कि 7 मार्च को क्लब परिसर में चोरी की घटना सामने आई थी।

जांच के दौरान पता चला कि क्लब से 20 एसी के आउटर यूनिट के अंदर लगे पाट्र्स चोरी कर लिए गए थे। इसके अलावा 4 सिलेंडर, कॉपर और लोहे का सामान, 6 इन्वर्टर बैटरियां तथा अन्य कीमती सामान भी गायब मिला। चोरी की इस घटना से क्लब प्रबंधन को काफी नुकसान हुआ। मामले की जांच मुख्य सिपाही सुनील को सौंपी गई। जांच के दौरान पुलिस ने विभिन्न पहलुओं पर काम करते हुए संदिग्धों की पहचान की। इसके बाद 9 मार्च को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आर्यन पुत्र धर्मेंद्र निवासी हाल सेक्टर-35, सनसिटी रोहतक और अंकित पुत्र धर्मपाल निवासी हाल सेक्टर-2, रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से मामले की आगे जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि चोरी हुए सामान की बरामदगी की जा सके और यह भी पता लगाया जा सके कि वारदात में अन्य लोग भी शामिल थे या नहीं।

## सेक्टर-14 ट्रैफिक सिग्नल ही बन रहा लंबे जाम का कारण, चालक परेशान

# मदवि गेट नंबर एक को भी खोल दे तो मिलेगी जाम से राहत

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

सेक्टर-14 चौराहा पर हाल में लगाए ट्रैफिक सिग्नल लोगों के लिए आफत बन गए हैं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के गेट नंबर दो से लेकर एक तक वाहनों की दिनभर लंबी-लंबी कतारें लगी रहती हैं। अगर विश्वविद्यालय गेट नंबर दो के साथ-साथ गेट नंबर एक को भी वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दे तो जाम से कुछ राहत मिल सकती है। ऐसा होने पर फिर गेट नंबर 2 पर ट्रैफिक सिग्नल की जरूरत भी शायद ही रहे। सेक्टर 14 से इतने वाहनों की आवाजाही नहीं होती है कि वे जाम का कारण बनें। लोगों का कहना है कि इस जाम की मुख्य वजह एमडीयू का गेट नंबर-2 है, जो सीधे सेक्टर-14 चौराहे के पास खुलता है।

### निजी बसें भी बढ़ा रही समस्या

बता दें कि गेट नंबर एक और दो के बीच में दिल्ली रोड पर छात्राओं को गांवों से लाने वाली प्राइवेट बसें भी खड़ी रहती हैं। अगर ये बसें यूनिवर्सिटी के साथ ही झज्जर रोड पर या मदवि के अंदर पार्किंग में खड़ी कर दी जाएं तो काफी कुछ हद जाम कम हो सकता है और लोगों को राहत मिल सकती है।



### सिग्नल ग्रीन होने के बाद भी वाहन आगे नहीं बढ़ पाते

चौराहे से सेक्टर-14, दिल्ली रोड, विश्वविद्यालय मार्ग और शहर के अन्य हिस्सों की ओर जाने वाले वाहन गुजरते हैं। लेकिन एमडीयू गेट नंबर-2 से निकलने वाले वाहनों के कारण अक्सर ट्रैफिक की रफ्तार धीमी पड़ जाती है। कई बार तो सिग्नल ग्रीन होने के बाद भी वाहन आगे नहीं बढ़ पाते और जाम की स्थिति बनी रहती है। हर दिन सुबह-शाम इस चौराहे पर जाम लगना आम बात हो गई है। ट्रैफिक सिग्नल होने के बावजूद व्यवस्था ठीक नहीं है। आटो चालक मनोज कुमार का कहना है कि यूनिवर्सिटी में आने-जाने वाले अधिकांश वाहन इसी गेट से गुजरते हैं, जिससे चौराहे पर भीड़ बढ़ जाती है। इन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के अन्य गेट का उपयोग कराया जाए तो सेक्टर-14 चौराहे पर जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है।

### ऑफिस आने-जाने के समय खुलता है गेट

एमडीयू अपने गेट नंबर एक को सुबह और शाम को उस समय खोलती है, जब कर्मचारी ऑफिस से आते-जाते हैं। सुबह साढ़े आठ बजे से लेकर तकरीबन सवा नौ बजे तक और शाम को साढ़े चार बजे से साढ़े पांच बजे खोला जाता है। इससे गेट नंबर दो पर वाहनों की आवाजाही का भार कम होता है।

### निगम तय करता है सिग्नल की लोकेशन

शहर में ट्रैफिक सिंग्नल कहां-कहां लगेंगे, ये नगर निगम तय करता है। लेकिन सिंग्नल पुलिस की सिफारिश पर ही लगाए जाते हैं। किस चौराहे पर सिग्नल की जरूरत है, इसका आकलन ट्रैफिक पुलिस करती है। सेक्टर 14 चौराहे पर सिंग्नल लगाने की सिफारिश पुलिस ने कैसे की। इस पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं। क्योंकि ट्रैफिक सिंग्नल लगाने से पहले यहां कम जाम लगता था। जबकि सिंग्नल लगाने के बाद एमडीयू के गेट नंबर एक तक हर रोज जाम लगा रहता है।